# दिल्ली विकास प्राधिकरण

## (नजारत शाखा)

## निविदा सूचना

1. प्राधिकरण के सुरक्षा कर्मियों, स्टाफ कार ड्राइवरों, लिफ्ट आपरेटरों, अनुचरों एवं सफाई कर्मचारियों के लिए वर्ष 2007-2008 की गर्मी की वर्दी की मदों की सप्लाई करने के लिए केवल एन.टी.सी./एन.सी.सी.एफ./केन्द्रीय भंडार/राज्य सरकारों के एम्पोरियमों के बिक्री केन्द्रों के माध्यम से निविदा फार्म के निबंधनों एवं शर्तों के साथ संलग्न मद-सूची में किए गए उल्लेख के अनुसार मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

2. निविदाएं निदेशक (नजारत), दि.वि.प्रा. ''बी'' ब्लाक, भूतल, विकास सदन, आई.एन.ए., नई दिल्ली के कार्यालय में दिनांक 31.01.07 को अपराह्न 3.00 बजे तक प्राप्त की जाएंगी और उसी दिन अपराह्न 3.30 बजे उन निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जाएंगी, जो वहां उपस्थित रहना चाहेंगे। निबंधन एवं शर्तों सहित निविदा फार्म 500/- रुपए की राशि का नकद भुगतान करने पर किसी भी कार्य दिवस में पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक नजारत शाखा ''बी'' ब्लाक, चौथी मंजिल, विकास सदन, आई.एन.ए., नई दिल्ली से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा फार्मों की बिक्री दिनांक 29.01.07 को अपराह्न 1.00 बजे बंद कर दी जाएगी।

3. इच्छुक निविदाकारों को निविदा फार्म खरीदते समय नवीनतम आयकर प्रमाण-पत्र तथा बिक्री कर पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। निविदा फार्म खरीदने के अनुरोध संबंधित विनिर्दिष्ट संगठन के लैटर हैड पर किए जाएं।

**निदेशक (नजारत), दि.वि.प्रा.**